सार-समाचार

नशे के दुष्परिणाम के बारे में बताया

सीकर, (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं किशोर न्याय समिति राजस्थान उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार शराब और मादक द्रव्यों के दुरुपयोग की रोकथाम और सामाजिक रक्षा सेवाओं के लिए केंद्रीय क्षेत्र की सहायता योजना, नवचेतना जीवन कौशल और औषधि शिक्षा मॉडयूल के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीकर के सचिव धर्मराज मीणा ने श्री कल्याण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सीकर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर नवचेतना मॉडयूल के बारे में जानकारी देते हुए नशे के दुष्परिणाम के बारे में बताया तथा जीवन में कभी भी नशा नहीं करने का आव्हान किया। शिविर के दौरान विद्यालय के कार्यकारी प्रिंसिपल अशोक एवं समस्त स्टॉफगण उपस्थित रहे।

बारिश से शहर में पानी भरा

सीकर, (निसं)। शहर में सुबह दस से एक बजे तक हुयी मूसलधार बारिश के कारण शहर के अनेक निचले इलाकों में पानी भरने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। शनिवार को सुबह दस बजे मूसलधार बारिश का दौर शुरु हुआ जो कि दोपहर एक बजे तक चला। बारिश के कारण शहर के सिल्वर जुबली रोड़, स्टेशन रोड़, सालासर बस स्टेंड, बजाज रोड़, नवलगढ़ रोड़ बारिश का पानी भर जाने से दरिया नजर आने लगी। यहां पर पानी भर जाने से लोगों की दुकानों एवं मकानों में घूस गया। जिससे उनको काफी नुकसान हुआ। बारिश के पानी निकासी के सारे इंतजाम निष्फल होते दिखाई दिये। मानसून आने से पूर्व यदि नालियों की साफ-सफाई का ध्यान रखा जाता तो आज यह हालात नहीं होते। बारिश आने के साथ ही प्रशासन की पोल खुल जाती है। यहां की बजाज रोड़, स्टेशन रोड़ पर बारिश का पानी जमा हो जाने से यातायात भी काफी प्रभावित हुआ। जिससे लोगों को मार्ग बदलकर अपने गंत्वय पर जाना पड़ा। इसी प्रकार से चूरू में भी दोपहर ग्यारह से लेकर शाम चार बजे तक रुक-रुक कर बारिश का दौर चला। जिससे सभी जगह पानी ही पानी नजर आने लगा। यहां पर भी शहर के अनेक इलाकों में पानी भर जाने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

ग्रामीण एवं शहरी ओलंपिक को लेकर सीकर में तैयारियां जोरों पर

सीकर, (निसं)। ग्रामीण एवं शहरी ओलंपिक को लेकर सीकर में ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक तैयारियां जोरों से चल रही है। सभी आयु वर्ग के लोग ओलंपिक खेलों में भाग लेने के लिए उत्साहित है। जिला कलेक्टर सीकर सौरभ स्वामी 5 अगस्त से आयोजित होने वाले राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलंपिक खेलों की पूर्व तैयारियों के संबंध में लगातार समीक्षा बैठक ले रहे हैं ताकि ओलंपिक खेलों का सीकर में सफलतापूर्वक आयोजन सुनिश्चित हो सके। ओलंपिक खेलों में ग्राम पंचायत स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं 5 अगस्त से शुरू होगी, जो 10 अगस्त तक चलेगी। इसी प्रकार ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताएं 17 से 22 अगस्त तथा जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं 1 से 6 सितम्बर एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं 15 से 18 सितम्बर तक होगी। शहरी क्षेत्र में भी प्रारंभिक प्रतियोगिताएं 5 से 10 अगस्त के बीच होगी। इसी तरह जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं 1 से 6 सितम्बर तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं 15 से 18 सितम्बर तक खेली जाएंगी।

हजरत हुसैन की याद में मोहर्रम निकाले

पाटन (निसं)। कस्बे के व्यापारियान मोहल्ला एवं मणियारान मोहल्ला में हजरत इमाम हुसैन की याद में मोहर्रम निकाले गए। मोहर्रम पर मातमी जुलूस निकालकर हजरत हसन और हुसैन को याद किया गया। मोहर्रम निकालने की परंपरा कस्बे में वर्षों से चली आ रही है तथा यहां के मुस्लिम समुदाय के लोग हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए मोहर्रम निकालकर उन्हें याद करते हैं। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोग अपनी अपनी कलाओं का परिचय भी देते हैं तथा ढोल ताशे एवं बैंड की मातमी धुन से हजरत इमाम हुसैन की शहादत पर मातम मनाते हैं। कस्बे में निकलने वाले मोहर्रम अपनी अपनी सीमाओं में रहते हैं तथा मातमी धुनों के साथ उनको घुमाया जाता है बाद में उन्हें कर्बला में दफनाया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन व्यवस्था चाक-चौबंद रही। मोहल्ला मणियारान के लोगों ने थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग का माला पहनाकर स्वागत भी किया।

तीन छात्राओं का इंस्पायर स्कॉलरशिप हेतु चयन

सादुलपुर, (निसं)। राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजगढ़ की तीन छात्राओं का इंस्पायर स्कॉलरशिप हेतु चयन हुआ है। मीडिया प्रभारी विमलेश चन्द्र ने बताया कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की 12वीं विज्ञान वर्ग में टॉप एक प्रतिशत विद्यार्थियों का इंस्पायर स्कॉलरशिप हेतु चयन किया गया है। जिसके अन्तर्गत राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजगढ़ की तीन छात्राएं संगीता पुत्री मुकेश, देविका पुत्री सुनील शर्मा एवं मीनाक्षी पुत्री सत्यपाल का इंस्पायर स्कॉलरशिप हेतु चयन होना विद्यालय के लिए गौरवान्वित करने वाला पल है। उन्होंने बताया कि चयनित छात्राओं को प्रतिवर्ष 80 हजार रुपये की छात्रवृत्ति पाँच साल तक मिलेगी। प्रधानाचार्य डॉ. सुशीला बलौदा एवं स्टाफ सदस्यों ने सभी चयनित छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

ढोल-नगड़ों के साथ गगनभेदी नारे लगाए

सुजानगढ़ (निसं)। सुजला जिला बनाने की मांग के समर्थन में 119 वें दिन भी गांधी चौक सभामंच पर धरना प्रदर्शन निरन्तर जारी रहा। शनिवार को सत्यनारायण चांडक एवं सदीक मोहम्मद के नेतृत्व में आयोजित धरने पर यूसुफ गौरी, संयोजक श्रीराम भामा, रामनिवास भाट जसवंतगढ़ ने ढोल नगाड़ों के साथ सुजला जिले के समर्थन में गगनभेदी नारे बुलन्द किये। इस अवसर पर एड. तिलोक मेघवाल, धनराज प्रजापत, राजकुमार सैन, गोविंद जोशी, भगवती प्रसाद भामा, ओमप्रकाश सेवादार, मोहम्मद अली, जितेंद्र सैनी, मूलचन्द रेगर, मोहित प्रजापत, मनोज प्रसाद रेगर, रूपाराम सांसी, मंगतू अली घोसी, दीनदयाल नाई, अशोक कुमार टाक, अब्दुल वकास गौरी, अब्दुल वाहिद बेहलीम, दिलीप, आदिल, किशोर सिंधी सहित अनेक धरनार्थी उपस्थित रहे।

रोलसाहबसर का अभिनन्दन किया

रतनगढ़ (निसं)। जयपुर से बीकानेर जाते समय क्षित्रय युवक संघ के संरक्षक भगवान सिंह रोलसाहबसर अल्प समय के लिए निजी होटल में रुके। इस मौके पर पवन सिंह कुसुमदेसर ने श्री राम का स्मृति चिन्ह व दुपट्टा पहना कर अभिनन्दन किया। रोलसाहबसर ने जनवरी 2024 में देहली में होने वाले सम्मेलन पर चर्चा की और कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु ज्यादा से ज्यादा लोगो को प्रेरित कर देहली ले चलने का आव्हान किया। इस मौके पर सुमेर सिंह गुढा, कल्याण सिंह मेलुसर, दातार सिंह, भागीरथ सिंह, देवी सिंह पडिहार, विक्रम सिंह, राजु सिंह उपस्थिति थे ।

साधारण सभा की बैठक कल

रतनगढ़ (निसं)। स्थानीय पंचायत समिति सभागार में 31 जुलाई सोमवार को साधारण सभा की बैठक का आयोजन होगा। बैठक में मुख्यमंत्री ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना 2023-24 का वार्षिक कार्य योजना प्लान अनुमोदन, बिजली पानी, स्वास्थ्य, सा.नि. वि. व पशुपालन पर विचार विमर्श, शिक्षा, महिला बाल विकास व खाद्य सुरक्षा योजना पर विचार विमर्श, पंचायत राज सशक्तिकरण सहित अनेक विषयों पर विचार विमर्श किया जायेगा। इस अवसर पर समस्त विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

लोकगीतों भरी शाम आज

चूरू, (कासं.)। लोक संस्कृति शोध संस्थान नगर श्री चूरू में रविवार को नगर श्री के संस्थापक स्व. सुबोधकुमार अग्रवाल व स्व. गोविन्द अग्रवाल की स्मृति में लोकगीतों भरी शाम का आयोजन किया जाएगा। सचिव ने बताया कि रविवार को सायं पांच बजे नगर श्री के प्रांगण में लोकगीतों भरी शाम का आयोजन होगा।

अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

चूरू (निसं)। राजगढ थाना पुलिस की टीम ने शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर हनुमानगढ़ जिले में थाना भिरानी के साहूवाला निवासी बदमाश कुलदीप जाट पुत्र रघुवीर (19) को गिरफ्तार कर एक अवैध देशी पिस्टल और तीन राउंड बरामद किए हैं। आरोपी को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया। जिससे अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त और हथियार रखने के उद्देश्य के संबंध में पूछताछ जारी है।

एसपी राजेश कुमार मीना ने बताया कि जिले में अवैध आग्नेयास्त्रों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एडिशनल एसपी अशोक कुमार

■ एक देशी पिस्टल व तीन कारतूस बरामद

बुटोलिया व सीओ इस्लाम खान के सुपरविजन में एसएचओ राजगढ़ सुभाष चंद्र द्वारा शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपी कुलदीप जाट को एक अवैध देसी पिस्टल व 3 राउंड समेत गिरफ्तार किया गया।

एसपी मीणा ने बताया कि कुछ समय पहले आरोपी कुलदीप बोलेरो कैंपर, पिकअप व कार में अपने 10-12 अन्य साथियों को लेकर दोस्त विकास उर्फ सरीफ रोडिया की तारीख



राजगढ़ थाना पुलिस की टीम ने बदमाश कुलदीप जाट को गिरफ्तार कर एक अवैध देशी पिस्टल और तीन राउंड बरामद किए हैं।

पेशी पर राजगढ़ कोर्ट में आया हुआ था। दोनों पक्षों के बीच पहले से रंजिश चलती आ रही है। दोनों ही पक्ष के लोग उपस्थित थे, जहां कोई बड़ी वारदात होने की संभावना थी। उस समय त्वरित कार्रवाई कर थाना राजगढ़ व डीएसटी की टीम ने 10 युवकों को गिरफ्तार किया था। मौके से आरोपी कुलदीप फरार हो गया था। जिसे तलाश कर मय हथियार के गिरफ्तार किया गया है।

डॉ. दिलीप मोदी एवं कुरड़ाराम धींवा सम्मानित

झुंझुनूं, (निसं)। जीवेम चेयरमैन एवं जीवेम स्पोर्ट्स स्कूल के संस्थापक डॉ. दिलीप मोदी को शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नवाचार एवं खेल सुविधाओं को स्कूली स्तर पर लागू करने तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए साथ ही बेस्ट बोर्डिंग स्कूल अवार्ड से जीवेम हॉस्टल के निदेशक कुरडाराम धींवा को हैदराबाद के होटल मैरियट में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया।

जानकारी देते हुए स्कूल निदेशक आकाश मोदी ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में नए नवाचार, आधुनिक पारंपरिक शिक्षा एवं जीवन मूल्यों का नवीन शिक्षा पद्धित में समावेश करने, हमेशा नवाचारों को शिक्षा में लागू करने एवं समय के साथ उसमें परिवर्तन करने तथा साथ ही शिक्षा में सुधार के लिए निरंतर प्रयास तथा स्कूली शिक्षा में स्पोर्ट्स के समावेश, अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाने, राज्य स्तरीय टूर्नामेंट करवाने सीबीएसई नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप का सफल आयोजन करवाने तथा साथ ही जिले का पहला स्पोर्ट्स स्कूल खोल कर हर विद्यार्थी को खेल भावना से जोडने के लिए डॉ. मोदी सम्मानित किया गया। साथ ही बेस्ट बोर्डिंग स्कूल अवार्ड से जीवेम हॉस्टल के निदेशक कुरडाराम धींवा को सम्मानित किया गया। स्पोर्ट्स स्कूल के निदेशक आकाश मोदी ने बताया कि हैदराबाद आयोजित इस समारोह में भारत के अलग अलग राज्यों से शिक्षा एवं शिक्षा के साथ स्पोर्ट्स के क्षेत्र ने लगातार कार्य करने वाले शिक्षाविदों को शामिल किया गया। जिसमें जीवेम चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी को इस अवार्ड के लिए चुना जाना गौरव की बात है।

उन्होंने कहा कि डॉ. मोदी के पिछले 40 वर्षों की मेहनत का ही परिणाम है कि अनेकों विधार्थी आज देश के कोने कोने में पदस्त है। समय की मांग को देखते हुए जीवेम स्पोर्ट्स स्कूल का खोला जाना डॉ. मोदी की दूरदर्शिता को प्रदर्शित करता है। यह मोदी की दूरदर्शिता का ही परिणाम है कि खेलो इंडिया स्कीम के तहत भारतीय खेल प्राधिकरण से संबद्धता प्राप्त राजस्थान की पहली बैडमिंटन एकेडमी झुंझुनूं जिले में है। झुंझुनूं में विश्व स्तरीय बैडमिंटन कोर्ट, लॉन टेनिस कोर्ट, क्रिकेट बास्केटबॉल कोर्ट आदि सुविधाएं जीवेम स्पोर्ट्स स्कूल में उपलब्ध है। जहां हज़ारों बच्चों को उचित मार्गदर्शन में प्रशिक्षण जाता है। स्कूल प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा ने बताया कि ये स्कूल के लिए गौरव कि बात है कि झुंझुनूं एकेडमी को बेस्ट बोर्डिंग स्कूल सम्मानित किया गया है।

इसके लिए स्कूल की शैक्षिणक उत्कृष्टता, एकेडमिक प्रतिष्ठा, संकाय योग्यता, नेतृत्व, सह-शैक्षिणक एवं अभिभावकों की भागीदारी, बुनीयादी सुविधाएं, विशेष छात्र वर्ग शिक्षा, वेल्यू फॉर मनी, जीवन कौशल प्रबंधन, स्कूली शिक्षा में स्पोर्ट्स को लागू करना, शिक्षक कल्याण एवं विकास एवं सुरक्षा नवाचार जैसे कई मानकों पर आधारित एवं विश्व स्तरीय संस्थान द्वारा किए गए आंकलन एवं अध्ययन के आधार पर विद्यालय को बेस्ट बोर्डिंग स्कूल अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

डॉ. मोदी ने अपने इस सम्मान को जीवेम परिवार को समर्पित करते हुए कहा कि आज के इस बदलते दौर में पिछले कई दशकों से शिक्षा में अनेकों परिवर्तन देखे गए है। जीवेम हमेशा से ही समय के साथ चला है और अपने आप को समय के साथ परिवर्तित किया है।

वरिष्ठ अधिवक्ता संजय महला का झुंझुनूं दौरा

झुंझुनूं, (निसं)। राजस्थान हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता संजय महला शनिवार को जिले के दौरे पर रहे। इस मौके पर उनका लिखवा समेत कई जगहों पर स्वागत व सम्मान हुआ। महला का सम्मान और स्वागत ऐसा हुआ कि मानों वे कोई नेता हो। जिनके स्वागत के लिए उनके चाहने वाले ना केवल बारिश में भी, बल्कि देर रात तक इंतजार करते रहे। इसी दरमियान एक वाक्या भी हुआ। जिसमें उनके चाहने वाले एक जगह तो यहां तक बोल बैठे कि महला साहब अब तो सांसद का चुनाव लड लो और तैयारी करो।

लेकिन महला ने इस पर कोई जवाब दिए बगैर कहा कि जो सम्मान, स्नेह और प्यार झुंझुनूं के लोगों द्वारा उन्हें दिया जाता है। उन्हें काम करने की शक्ति वहीं से प्राप्त होती है। शनिवार को वरिष्ठ अधिवक्ता महला लिखवा गांव में श्रीकृष्ण गौशाला के पांचवें वार्षिकोत्सव पर हुए कार्यक्रम में बतौर अतिथि पहुंचे थे। जहां पर दो-दो पद्मश्री सम्मान प्राप्त हस्तियों के सानिध्य में महला और उनकी धर्मपत्नी एडवोकेट सुनिता महला का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप देश की दो पद्मश्री हस्तियां जैविक खेती में वर्ल्ड रिकॉर्ड धारी पद्मश्री जगदीश प्रसाद पारीक अजीतगढ़ सीकर व दातारामगढ़ सीकर से पद्मश्री सुंडाराम कुमावत भी समारोह में पहुंचे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान हाईकोर्ट के नामी एडवोकेट संजय महला व उनकी पत्नी एडवोकेट सुनिता महला थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सेठ बजरंगलाल सोलाना, राजपाल सिंह शेखावत, झुंझुनूं गौशाला समिति के अध्यक्ष ताराचंद गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष निरंजनसिंह जानूं, महामंत्री सुभाष क्यामसरिया, डॉ. अरविंद कुमार, दिनेश ढंढारिया, राजकुमार शर्मा लाखू, सरपंच बच्चन सिंह शेखावत लिखवा थे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि के रूप में सूबेसिंह बराला सरपंच बरालु, रविंद्र कुमार धींगड़िया, रमेश कुमार भालोठिया सरपंच कुहाड़वास, सुभाषचंद्र पूर्व सरपंच हमीनपुर सहित अन्य मौजूद रहे। इस अवसर पर श्रीकृष्ण गौशाला समिति के अध्यक्ष कैलाश व्यास लिखवा, सचिव चेतराम रेवाड़िया, कोषाध्यक्ष राजवीर वालिया, उपाध्यक्ष प्रिंसीपल दीपचंद लाखवान, उपाध्यक्ष बलबीर सिंह टेकनेत, उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह दूधवा, सदस्य रतनसिंह छापडा, रविन्द्र श्योराण, सुरेश भांबू, ओमप्रकाश सोनी दुधवा, जयवीर बांगड़वा बनगोठडी, संजय बांगड़वा, मालसिंह शेखावत, मोहरसिंह शेखावत, लोकेश पारीक, मनोज पारीक व सज्जन पारीक ने अतिथियों का स्वागत किया।

मुहर्रम का पर्व परम्परागत रूप से मनाया

चूरू, (कासं.)। शेखावाटी अंचल में शनिवार को मुहर्रम का पर्व परम्परागत रूप से मनाया गया। चूरू में ताजिए निकाले गए। इस दौरान उस्तादों ने अपने करतब दिखाए तो लोग आश्चर्यचकित रह गए। यहां विभिन्न जनप्रतिनिधियों और साामाजिक संघों की ओर से उस्तादों का सम्मान किया गया।

इसी कड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने युवा नेता पराक्रम सिंह राठौड़ व पूर्व जिला प्रमुख हरलाल सहारण के नेतृत्व में ताजियों के अखाड़ों के उस्तादों का माला पहनाकर अभिनन्दन किया। यहां युवा नेता पराक्रम सिंह राठौड़ ने कहा कि हमारी संस्कृति आपसी प्रेम और सद्भाव की है। उन्होंने अखाड़ों के करतब देखकर कहा कि इनके करतब व इनकी कला की प्रशंसा की जानी चाहिए। पूर्व जिला प्रमुख हरलाल सहारण ने उस्तादों का माला पहनाकर व मोमेंटो देकर अभिनंदन किया।

उन्होंने कहा कि भारत की साँझी

■ उस्तादों का सम्मान किया गया

परंपरा को लेकर हम सब संवेदनशील हैं। यहां पंचायत समिति प्रधान दीप चंद राहड़, पूर्व सभापति विजय कुमार शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सत्तार खान, मंडल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत, विधानसभा संयोजक पदम सिंह, सोशल मीडिया जिला सह संयोजक सुरेश मिश्रा, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अख्तर खान, भाजयुमो जिलाध्यक्ष गोपाल बालान, खासोली मंडल अध्यक्ष राकेश तालानिया, मोहम्मद शब्बीर, श्रीराम पीपलवा, असलम डायर, नारायण बेनीवाल, संजय सोनी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसी प्रकार भाईजी चौक पर पूर्व शहर अध्यक्ष लालचन्द सैनी, कांग्रेस नेता जमील चौहान, पूर्व पार्षद सत्तार खान, शीशपाल ढाका, ओबीसी प्रदेश संयोजक विनोद सैनी, पूर्व पार्षद सत्यनारायण बाकोलिया, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोयल खान, यूसुफ प्रधान, जयचंद घाँघु, महेन्द्र गुर्जर, हेलना खान, पार्षद दीपिका सोनी, ज्योति सिंह, अल्ताफ़ खान, नासिर खान एडवोकेट, जावेद खान, फ़रहान खान, सिकन्दर खान, दीपिका सेन, जब्बार खान, हाजी निजामुद्दीन खान, हाजी सफी खान आदि ने उस्तादों का सम्मान किया।

चूरू में शनिवार को ताजिए निकाले गए। इस दौरान उस्तादों ने अपने करतब दिखाए।

युवा महोत्सव में कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने समां बांधा

रतनगढ़ (निसं)। ब्लॉक स्तरीय राजस्थान युवा महोत्सव 2023 का आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय छापर में शुक्रवार को उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।

नगरपालिका अध्यक्ष श्रवण कुमार सैनी, ई ओ मनीष कुमार पारीक, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक चैनरूप दायमा एवं आयोजन समिति सचिव मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कुलदीप व्यास द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से शुरू हुआ। इसमें 16 तरह की प्रतियोगिताएं हुई जिनमें पंजीकृत 761 में से 396 प्रतिभागी शामिल हुए।

लोक नृत्य में 42 टीमों ने एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी, इनमें प्रथम स्थान पर वंशिका एंड पार्टी, द्वितीय स्थान पर कोमल एंड पार्टी, तृतीय स्थान पर नेहा एंड पार्टी रही जबकि एकल नृत्य के 36 प्रतिभागियों में तान्या, साक्षी व जया जांगिड ने प्रथम तीन स्थानों पर कब्जा जमाया। कविता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर नीतू कांटीवाल, द्वितीय स्थान पर स्वरूपा, तृतीय स्थान पर महेंद्र मौर्य रहे। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर श्रवण कुमार और द्वितीय स्थान पर विष्णुसिंह रहे। पोस्टर मेकिंग में प्रथम हिम्मतराम, द्वितीय गंगा परमार व तृतीय शिवराजसिंह रहे।

छह दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण का समापन

अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय की ओर से आयोजित उप प्राचार्य क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण का समापन को दादाबाड़ी में समारोह पूर्वक हुआ।

चूरू, (कासं.)। अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय की ओर से आयोजित उप प्राचार्य क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण का समापन शनिवार को दादाबाड़ी में समारोह पूर्वक हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक शिक्षा संतोष कुमार महर्षि थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समसा एडीपीसी सांवरमल गहनोलिया ने की। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एपीसी रामनिवास पूनियां व हरिप्रसाद शर्मा थे। इस छह दिवसीय उप प्राचार्य प्रशिक्षण में संभागियों ने क्षमता संवर्धन के गुर सीखे। इस अवसर पर स्टेट रिसोर्स ग्रुप के प्रशिक्षक मुख्य वार्ताकार व शिविर प्रभारी को माल्यार्पण कर व प्रतीक चिन्ह् प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समसा के कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र महला, अर्जुन सिंह राठौड़, अविनाश कुमार सहारण, रेसा विपी के जिलाध्यक्ष विजयपाल धुआं, रेसा विपी के प्रदेशाध्यक्ष भंवरलाल गुर्जर आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में एडीपीसी सांवरमल गहनोलिया ने उप प्राचार्य संभागियों को अपने दायित्वों का निर्वहन किस प्रकार करना चाहिये, सहित अन्य व्यवहारिक जानकारी से अवगत करवाया। मुख्य अतिथि संतोष महर्षि ने संभागियों को प्रशासनिक अधिकारियों के दायित्व व कर्तव्य बोध के बारे में जानकारी दी। एपीसी रामनिवास पूनियां ने प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं, उपादेयता के बारे में संभागियों से फीडबैक लिया। कार्यक्रम का संचालन रणवीर धींधवाल ने किया।

कार्यालय नगरपालिका मण्डल, तारानगर (चूरू)

Office Telephone No. 01561-240245 E-mail-eontrn2009@gmail.com

क्रमांक :- न.पा.ता./2023-24/1010 दिनांक :- 28.07.2023

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका तारानगर द्वारा निम्न स्थान पर आवासीय भूखण्डों की नीलामी 99 वर्षीय लीज होल्ड पर विक्रय निम्नानुसार मौके पर ही की जावेगी।

क्र. सं.	योजना का नाम	आवासीय भूखण्ड की संख्या	आवासीय भूखण्डों की साईज	सरकारी बोली न्यूनतम रिजर्व प्राईज	दिनांक	समय
1	राजस्व कॉलोनी पक्का जोहड़ा बालाजी मंदिर के पास बीकानेर दिल्ली स्टेट हाईवे तारानगर	भूखण्ड संख्या 52 53,54,55 56,57,58 व 63	10.50X20 मी.(210.00 वर्ग मीटर)	471030/-	01.08.2023	02.00 पीएम से 05.00 पीएम

शर्तें :-

1. आवासीय भूखण्डों की बोली लगाने से पूर्व 20000/- रूपये धरोहर राशि प्रत्येक भूखण्ड की जमा करवायी जाकर नीलामी बोली में भाग ले सकेंगे।
2. भूखण्ड मौके पर जैसी स्थिति में है उसी स्थिति में नीलाम किया जायेगा।
3. सफल बोलीदाता को पालिका द्वारा उच्चतम बोली स्वीकार किये जाने पर 1/4 राशि मौके पर नकद/डीडी/चैक से जमा करवानी होगी, शेष 3/4 राशि नीलामी से 30 दिन के भीतर जमा करवानी आवश्यक होगी।
4. राजस्थान नगरपालिका,नगरीय भूमि निष्पादन नियम 1974 के अन्तर्गत लीज/भूमि संबंधि समस्त नियम लागू रहेंगे जिसमें नियमानुसार अरबन एसेसमेन्ट (लीज राशि) जमा करवाना अनिवार्य होगा, लीज डीड पंजीयन बाबत स्टाम्प व समस्त खर्चा खरीददार का होगा।
5. नीलामी बोली पर्याप्त न होने पर किसी भी कारणवश बोली आगे रखी जा सकती है। नीलामी बोली स्वीकार/अस्वीकार करने हेतु निम्नहस्ताक्षरकर्ता स्वतंत्र रहेंगे।
6. अमानत स्वरूप जमा की गई राशि नीलामी बोली की संपूर्ण कार्यवाही संपन्न होने के बाद ही लौटाई जायेगी।
7. नीलामी को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।
8. नीलामी की अन्य शर्तें व जानकारी कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।
9. विवादित स्थिति में क्षेत्राधिकार तारानगर रहेगा।

(प्रियंका बानो)
अध्यक्ष
नगरपालिका, तारानगर (चूरू)

(संत कुमार मीणा)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, तारानगर (चूरू)